लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतथि

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

11 जनवरी को भारत के दूसरे [प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री] की **59 वीं पुण्यतथि** थी।

लाल बहादुर शास्त्री:

- **इनका** जन्म **2 अक्टूबर 1904 को वाराणसी** के पास **मुगलसराय** में हुआ था।
- **भारत के स्वतंत्रता संग्राम** में एक प्रमुख भूमिका निभाने के साथ यह **महात्मा गांधी** से बहुत प्रभावित थे।
- वह अपनी **ईमानदारी**, विनम्रता और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे तथा **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस** में उच्च पदों पर आसीन रहे।
- **शास्त्री जी ने गृह मंत्री**, **रेल मंत्री**, **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** सहित कई प्रमुख मंत्री पद संभाले।
  - **रेल मंत्री** के रूप में उन्होंने अपनी **नैतिक जवाबदेही** दर्शाते हुए प्रमुख रेल दुर्घटनाओं के बाद दो बार इस्तीफा दिया।
- **प्रधानमंत्री (1964-1966)** के रूप में शास्त्री जी ने [वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध] के दौरान निर्णायक नेतृत्व का प्रदर्शन किया तथा **कश्मीर की** रक्षा के लिए सैन्य कार्रवाई को अधिकृत किया।
- शास्त्री जी की विरासत से संबंधित प्रसिद्ध नारा **"जय जवान जय किसान"** भारत की प्रगति में **सैनिकों** तथा **किसानों** के महत्व पर केंद्रित है।
- **ताशकंद घोषणापत्र** पर हस्ताक्षर करने के कुछ ही समय बाद **11 जनवरी 1966** को शास्त्री जी की **ताशकंद में अचानक मृत्यु** हो गई, उनकी मृत्यु आज भी रहस्य का विषय बनी हुई है।

//

ताशकंद घोषणा:

- **जनवरी 1966** में **भारत** और **पाकिस्तान** के बीच ताशकंद **घोषणापत्र पर हस्ताक्षर** कयि गये।
- इसका उद्देश्य शांतिबिहाल करना तथा **वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध से उत्पन्न मुद्दों को हल करना** तथा आपसी समझ को बढ़ावा देना था।

और पढ़ें: महात्मा गांधी और शास्त्री जी की जयंती

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/death-anniversary-of-lal-bahadur-shastri